हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 22 सितंबर 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 नवोदय विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई गई साइबर सुरक्षा की पाठशाला

12 लालबाग मैदान में लगेगा स्वदेशी मेला

नवरात्रि विशेष

प्रथम : शैलपुत्री

मां नवदुर्गाओं में सबसे पहला नाम शैलपुत्री का है, जो गिरीराज हिमालय की पुत्री है। अपने पूर्व जन्म में ये प्रजापति दक्ष के यहां कन्या के रुप में उत्पन्न हुई थी। मां के दाहिने हाथ में शूल और बांए हाथ में कमल का फूल सुशोभित है। माता की शक्तियां अनन्त है। नवरात्र के पहले दिन भक्तगण इनकी आराधना करते हैं। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ करवाया। उसमें सभी देवताओं को बुलाया लेकिन क्रोधवश शंकरजी को यज्ञ में नहीं बुलाया। सती तो जब पता चला कि पिताजी के यहां यज्ञ हो रहा है, तो उन्होंने वहां पर जाने की इच्छा जाहिर की। शंकर जी के काफी समझाने के बाद भी सती नहीं मानी तो शंकर जी ने उन्हें भेज दिया। सती ने पिता के यहां पहुंचकर देखा कि परिजनों का उनके प्रति व्यवहार ठीक नहीं है। कोई उनसे ठीक से बात नहीं कर रहा है। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से भर उठा। तब उनको भगवान शंकर की याद आई और उन्होंने उसी क्षण योगाग्नि द्वारा अपने को भस्म कर लिया और सती हो गई। उसके बाद से इनको सती के नाम से जाना गया। मां के इस रुप की आराधना का मंत्र है।

वन्दे वाञ्छितलाभाय चंद्रार्घकृतशेखराम।
वृषारुढां शुलधरां शैलपुत्री यशास्विनीम।

कांटों के झूले में झूलते हुए देवी ने दी महाराजा को दशहरा पर्व मनाने की अनुमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दशहरा पर्व की प्रमुख रस्म काछनगादी रविवार की शाम परंपरा के अनुसार पुलिस लाईन स्थित काछनगुड़ी में संपन्न हुई। कांटों के झूले में झूलकर काछनदेवी ने बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव को दशहरा पर्व मनाने की अनुमति दी।

शाम को राजमहल से बाजे-गाजे के साथ महाराजा और राज परिवार से जुड़े लोग तथा मांझी, चालकी, मेंबर, मेंबरिन काछनगुड़ी के लिए रवाना हुए, रास्तेभर जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। जेल मार्ग चौक से लेकर भंगाराम चौक तक मार्ग बंद कर दिया गया था। इस रस्म को देखने काफी भीड़ जुटी रही।

देवी-देवताओं के साथ सिरहा व माटी पुजारी झूमते रहे

परंपरानुसार आंगादेव और गांव-गांव से पहुंचे देवी-देवताओं के साथ सिरहा और माटी पुजारी काछनगुड़ी में झूमते रहे।

काछनगुड़ी में पहुंचने के बाद महाराजा काछन देवी के सामने पहुंचे, जहां काछनदेवी बनी कुंवारी कन्या ने कांटों के झूले में झूलकर दशहरा पर्व की अनुमति दी। इस दौरान राजगुरू नवीन ठाकुर, दशहरा समिति के अध्यक्ष सांसद महेश कश्यप, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरन सिंह देव, नेता संग्राम सिंह राणा, भाजपा नेत्री दिप्ती पांडे समेत काफी संख्या में जनप्रतिनिधि अधिकारी दशहरा कमेटी के लोग तथा जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अफसर मौजूद थे।

समाज की मांग पर सीएम ने 5 जगह डोम निर्माण के लिए 15-15 लाख देने की घोषणा की

वीर शहीद गुण्डाधूर और डेबरीधूर जैसे स्वतंत्रता सेनानी धुरवा समाज में पैदा हुएः मुख्यमंत्री साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

धुरवा समाज ने वन विद्यालय में आयोजित समाज के सामाजिक भवन ओलेख के लोकार्पण और नवाखानी मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में समाज की मांग पर सीएम ने 5 जगह डोम निर्माण के लिए 15-15 लाख रुपए देने की घोषणा की।

- धुरवा समाज के सामाजिक भवन ओलेख के लोकार्पण और नवाखानी मिलन में सीएम सम्मलित हुए

सीएम साय ने कहा कि आदिवासी बाहुल बस्तर में हर दृष्टिकोण से विकास कर रहे हैं। मार्च 2026 तक नक्सल समस्या को खत्म करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके बाद बस्तर में शांति आएगी और विकास की गंगा बहेगी। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा,वनमंत्री केदार कश्यप,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव, सांसद महेश कश्यप, विधायक विनायक गोयल, चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष वेदवती कश्यप, बेव कॉर्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडे, पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर शहीद गुण्डाधूर और डेबरीधूर जैसे स्वतंत्रता सेनानी धुरवा समाज में पैदा हुए थे। आदिवासी धुरवा समाज की परम्परा और संस्कृति अपने आप में अलग है, इसे बचाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज की समुचित विकास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया। राज्य गठन के 25 साल पूर्ण होने पर रजत जयंती वर्ष के साथ-साथ अटल निर्माण वर्ष मना रहे हैं। स्व. अटल बिहारी ने जनजाति समाज के विकास के लिए अलग से मंत्रालय का गठन किया और आज छत्तीसगढ़ राज्य के बजट के बराबर बजट है। इसके अलावा बस्तर के विकास के लिए प्राधिकरण का गठन किया गया है। यही नहीं मोदी सरकार ने धरती आबा उत्कर्ष ग्राम योजना शुरू किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के 6661 गांव को शामिल किया गया है, इसके लिए 80 हजार करोड़ का बजट है। इसके साथ ही पीएम जनमन योजना के तहत राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पहाड़ी कोरवा, अबूझमाड़िया सहित अन्य समाज के लिए भी अलग से योजना है। इस दौरान जिला भाजपा जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे,बलदेव मंडावी,पदलाम नाग,डॉ सुभाउ कश्यप,लछुराम कश्यप,समाज अध्यक्ष पप्पू नाग,डॉ गंगाराम नाग,सोनसारी बग्गेल,नीलम कश्यप,शोभाराम नाग समेत बड़ी संख्या मातृशक्तियां,पुरुष,युवक-युवतियां बच्चे समेत संभागायुक्त डोमन सिंह,आईजी सुन्दराज पी,कलेक्टर हरीश एस, पुलिश अधीक्षक शलभ सिन्हा व अन्य प्रशासनिक व पुलिस तथा वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी सम्मलित थे।

हमारी परम्परा को छोड़कर जाने वाले को वापस लाना है : शर्मा

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि हमारी परम्परा व पूजा पद्धति दुनिया से अच्छा है। उन्होंने कहा कि हमारी महान परम्परा व पद्धति को छोड़कर हमारे कुछ लोग चले गए हैं, उन लोगों को वापस जोड़ना होगा,तभी हमारी संस्कृति बचेगी। उन्होंने आगामी दिनों में होने वाले बस्तर ओलम्पिक में अधिक से अधिक संख्या में युवाओं के भाग लेने की अपील की, साथ ही बस्तर पंडुम जनवरी में आयोजित करने की बात कही।

गुण्डाधूर को देश नहीं दुनिया भी जानती है : केदार

वनमंत्री केदार कश्यप ने कहा कि गुण्डाधूर को देश नहीं दुनियाभर के लोग जानते हैं। गुण्डाधूर और उनके भाई डेबरीधूर ने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आदिवासी समाज के वीर योद्धा गुण्डाधूर, डेबरीधूर, गेंदसिंह, वीरनारायण के इतिहास को पूर्व में दबाने का प्रयास किया गया था, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने कहा कि डेबरीधूर ने अंग्रेजों से लड़ते हुए भानपुरी के थानागुड़ी को जला दिया था, इसलिए अब भी क्षेत्र के लोग भानपुरी थाना को जरई थाना के नाम से जानते हैं।

प्रतिबंधित नशीली दवाओं की 1133 टेबलेट सहित एक गिरफ्तार

गीदम। जिले में अपराधों की रोकथाम एवं असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बारसूर गोविन्द दीवान के पर्यवेक्षण में एवं निरीक्षक विजय पटेल के नेतृत्व में थाना गीदम पुलिस के द्वारा लगातार अवैध कार्यो में लिप्त असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि अवैध रूप से एक संदिग्ध व्यक्ति प्रतिबंधित नशीली दवाई के टेबलेट को रखकर लाभ कमाने के नियत से अधिक दामों में बिक्री कर रहा है। इस सूचना पर पुलिस द्वारा टीम गठित कर आरोपी को पकड़ने के लिये कार्रवाई करते हुये आरोपी को पकड़ने के लिये मुखबिर की निशानदेही पर घेराबंदी की गई। इस कार्रवाई में रविन्द्र पटेल उम्र 25 नाकापारा गीदम वार्ड क्रमांक 2 थाना गीदम जिला दन्तेवाड़ा को मौके से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से डाइसाइक्लोमाइन एचसीएल ट्रामाडोल एचसीएल और एसिटामिनोफेन कैप्सूल (पाइवॉन स्पास प्लस) - 240 कैप्सूल x 50 मिग्रा कुल 12,000 मिग्रा, 12 ग्राम, अल्प्राज़ोलम टैबलेट आईपी 0.5 मिग्रा, 435 कैप्सूल x 0.5 मिग्रा कुल 217.5 मिग्रा, डाइसाइक्लोमाइन एचसीएल ट्रामाडोल एचसीएल और एसिटामिनोफेन कैप्सूल (स्पास्मो प्रोक्सीवॉन प्लस) 456 कैप्सूल x 50 मिग्रा कुल 22,800 मिग्रा कुल 22.8 ग्राम। आरोपी के विरूद्ध थाना गीदम में एनडीपीएस की धारा 21-बी के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई में दीनानाथ वैष्णव, अनिल कुमार धुर्वे, हुंगा कडती, मनीष ठाकुर, कैलाश नाग, हरिराम यादव, राजमन नाग, पुरूषोत्तम पटेल, पूनम सिंह, 511 सतबती बघेल, डीएसएफ रामेश्वर ठाकुर, डीएसएफ 3115 नीलधर तर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को होगा शुष्क दिवस

बीजापुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत वर्ष 2025-26 के लिए देशी-विदेशी मदिरा के फुटकर दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। जिसके अन्तर्गत जिला बीजापुर के समस्त देशी-विदेशी मदिरा दुकान व एफएल 7 सैनिक कैंटीन में मदिरा धारण, विक्रय, परिवहन एवं परोसना पूर्णतः प्रतिबंधित है।

दण्डाधिकारी जांच में दे सकेंगे जानकारी

बीजापुर। थाना भोपालपटनम क्षेत्रांतर्गत घटना 4 जुलाई 2025 को ग्राम नीलमड़गू के जंगल पहाड़ में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड की घटना घटित हुई है। जिसमें पुलिस और नक्सलियों के बीच फायरिंग हुई। फायरिंग रूकने के बाद सुरक्षा बलों द्वारा सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए घटना स्थल का बारिकी से सर्च किया गया। सर्चिंग के दौरान घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी का शव मिला। शव के पास से एक नग 303 रायफल, सहित अन्य हथियार व नक्सल सामग्री बरामद किया गया है। उक्त घटना के संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार की जानकारी हो तो 26 सितम्बर तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी भोपालपटनम में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत कर सकते हैं।

गरबा में फूहड़ता रोकने हिन्दू संगठनों व आयोजकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रविवार को दोपहर 1 बजे विश्व हिंदू परिषद, सक्षम तथा अन्य हिंदू संगठनों के साथ गरबा कार्यक्रम का आयोजन करने वाले आयोजकों के द्वारा संयुक्त बैठक सीताराम शिवालय में आहूत की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मां को समर्पित नवरात्रि पर्व आराधना का पर्व है। गरबा पूर्णतः शालीनता व गरिमामय वातावरण में मां के द्वारा दुष्टों के संहार के बाद शक्ति उपासना के महापर्व को पूर्ण पवित्रता के साथ सुसंस्कृत ढंग से हर्षोल्लास के साथ मनाया जाए। देवी आराधना के कार्यक्रम में कही से भी किसी भी प्रकार से अश्लीलता,फूहड़ता व अनावश्यक कुकृत्य का प्रदर्शन न हो जिससे सनातन का अपमान हो। बैठक में निर्णय लिया गया गरबा कार्यक्रम में सनातनियों के अलावा किसी गैर हिंदू का प्रवेश वर्जित हो। कार्यक्रम का प्रारंभ देवी मां के आराधना व हनुमान चालीसा से होगा।समापन मां की आरती से होगा। बैठक में बैठे सभी लोगों ने ⏭शेष पेज 10 पर

- सनातनियों के अलावा गैर हिंदू का प्रवेश वर्जित करने पर अड़े

सीएम को पार्षद ने वार्ड विकास को लेकर दिया पत्र

जगदलपुर। शहर के गुरु गोविंद सिंह वार्ड में विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए वार्ड पार्षद संग्राम सिंह राणा ने माहरा समाज भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को आवेदन सौंपा। मुख्यमंत्री ने आवेदन पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सभी कार्यों को जल्द पूरा करने की अनुशंसा की। वार्ड पार्षद राणा ने माहरा समाज के 3 एकड़ एरिया के लिए मुक्तिधाम में बाउंड्री वॉल एवं सह शेड निर्माण, अघनपुर स्कूल के समीप सामुदायिक भवन निर्माण, अघनपुर तालाब चौक के पास ओपन जिम और बालवाड़ी भवन निर्माण की मांग रखी थी। सीएम ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार हर विकास कार्य को करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने आश्वस्त किया कि वार्ड के विकास को लेकर चिंता की कोई आवश्यकता नहीं है। पार्षद द्वारा रखी गई सभी मांगें पूरी की जाएंगी। राणा ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण सिंह देव के अनुशंसा से सभी विकास कार्य पूर्ण होंगे।

मैराथन से गूंजा संदेश नशा त्यागें, भविष्य संवारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

जिले में नशामुक्ति अभियान मैराथन का आयोजन रविवार किया गया। इस मैराथन का शुभारंभ दंतेवाड़ा चौक से हुआ। महिला आयोग की सदस्य दीपिका सोरी ए वं जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे ने हरी झंडी दिखाकर प्रतिभागियों को रवाना किया। मैराथन का समापन मिनी स्टेडियम सुकमा में हुआ। जहां मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागियों को संबोधित किया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में आयोजित मैराथन में जनप्रतिनिधि बारसे ने

- नशे के साथ मोबाइल व डिजिटल की लत से युवा बचें

विद्यार्थियों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत बनाने की जिम्मेदारी युवाओं की है। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने, नशामुक्ति का संदेश फैलाने और स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। महिला आयोग की सदस्य सोरी ने युवाओं को नशा से दूर रहने की प्रेरणा देते हुए कहा कि मोबाइल और डिजिटल लत भी उतनी ही खतरनाक है। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसी बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करने और अनजान लोगों से दूरी बनाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, गणमान्य नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।

ट्रैक सूट खरीदी घोटाले से लेकर फर्जी एफआईआर का विरोध

युवा कांग्रेस, एनएसयूआई ने गृहमंत्री का फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

प्रदेश की राजनीति इस समय ट्रैक सूट खरीदी घोटाले को लेकर गरमा गई है। करोड़ों रुपये के इस घोटाले का खुलासा करने वाले युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला एवं एनएसयूआई रायपुर जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी पर भाजपा सरकार ने झूठी एफआईआर दर्ज कर राजनीतिक प्रतिशोध का घिनौना खेल खेला है। इसके विरोध में रविवार को बस्तर संभाग मुख्यालय में युवा कांग्रेसियों एवं एनएसयूआई के नेतृत्व में स्थानीय संजय मार्केट में गृहमंत्री का पुतला दहन कर जोरदार विरोध दर्ज कराया। कांग्रेसियों ने कहा, भ्रष्टाचार को उजागर करने और फर्जी डिग्री माफियाओं के खिलाफ आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। भाजपा सरकार का असली चेहरा कांग्रेस सामने लाती है।

कांग्रेस का कहना है कि सरकार जनता के पैसे की बंदरबांट में लिप्त है और जब कोई सच सामने लाता है तो उस पर दमनचक्र चलाया जाता है। ट्रैक सूट खरीदी में करोड़ों रुपये का खेल। सफाई कर्मचारियों का टेंडर केवल एक ही व्यक्ति को देकर कमीशनखोरी का खुला खेल। रोटी मशीन खरीदी, जग खरीदी और 3 प्रतिशत कमीशन जैसे कई घोटाले हुए। भाजपा के बालोद जिला महामंत्री का हर फाइल व निर्णय में सीधा हस्तक्षेप करना जग जाहिर है। युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई ने आरोप लगाया है कि सरकार के संरक्षण में प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। विभाग की संचालक तक गंभीर सवालों से बचती नजर ⏭शेष पेज 10 पर

ये रहे उपस्थित

इस दौरान शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य, पूर्व विधायक रेखचन्द जैन, ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, मनोहर सेठिया, एम ज्योति राव, पार्षद शुभम यदु, रविशंकर तिवारी, विजेंद्र ठाकुर, संदीप दास, सायमा अशरफ, तरनजीत रंधावा, एस नीला,माही श्रीवास्तव, आदर्श नायक, अभिषेक गुप्ता, माजलीला सोनू कश्यप, शादाब अहमद, युकां नेता आसिफ अली, युका नेता उस्मान रजा,विजय ध्रुव,पंकज केवट,कुणाल पाण्डे,तरुण शेट्टी,समीर कुमार,कीषु बघेल,दक्ष साहू,अंकित नागवंशी,अविनाश कश्यप,समीर कुरैशी,आरो बघेल,हर्षवर्धन शर्मा,खीरेंद्र यादव,आदर्श तिवारी,आशीष बघेल,रेहान रिजवी,हसनैन रजा,अमित बघेल,राजू कश्यप,आकाश कश्यप,अविनाश श्रीवास्तव,अमित रैकवार, एवं अन्य उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

वनमंडल व आवासीय परिसर में चला स्वच्छता अभियान

केशकाल। सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर है जिसके तहत आज सुबह 6 बजे केशकाल स्वयं वनमंडल अधिकारी दिव्या गौतम एवं उप वनमण्डल अधिकारी सुषमा जे नेताम एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी केशकाल कृष्णा कुमार नेताम के साथ समस्त वन कर्मचारी एवं कार्यालय स्टाफ के द्वारा वनमंडल कार्यालय व वनमण्डल कैंपस की सफाई किया गया।

रास गरबा महोत्सव आज से स्टेडियम में पूरी हुईं तैयारियां

कोण्डागांव। नवरात्र उत्सव के अवसर पर बरसाना रास गरबा समिति की ओर से 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विकास नगर स्थित स्टेडियम मैदान में भव्य रास गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 22 सितंबर को प्रातः 10 बजे नगरवासियों और समिति सदस्यों द्वारा स्टेडियम मैदान में माता रानी की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके बाद शाम 7 बजे से गरबा महोत्सव की शुरुआत होगी। नवरात्र की पंचमी से प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने नगरवासियों से सहपरिवार उपस्थित रहकर गरबा और महाप्रसाद का लाभ लेने की अपील की है। कोंडागांव की हृदयस्थली स्टेडियम ग्राउंड में दूधिया रोशनी और आधुनिक म्यूजिक सिस्टम पर पारंपरिक गीतों और भजनों के बीच नगरवासी गरबा नृत्य का आनंद ले सकेंगे। आयोजक समिति ने बताया कि यह आयोजन मुख्यतः लड़कियों और महिलाओं के लिए अधि—त रहेगा। महोत्सव में सभी के लिए भक्ति, उत्साह और सांस्कृतिक माहौल बना रहेगा।

हायर सेकंडरी स्कूल मयूर डोंगर में साक्षरता सप्ताह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार 1 से 7 सितम्बर तक साक्षरता सप्ताह एवं 8 सितम्बर को अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की सबसे आकर्षक झलक विद्यालय की छात्रओं द्वारा प्रस्तुत की गई, जिसमें उन्होंने महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति का निर्माण करते हुए मानव श्रृंखला बनाई। इस अनूठी प्रस्तुति का उद्देश्य समाज में शिक्षा और साक्षरता के महत्व को रेखांकित करना था।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने छात्रें को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल पढ़ने—लिखने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की कला और समाज को प्रगति की दिशा देने का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने नई शिक्षा नीति 2020 के तहत साक्षरता के पाँच घटकों, बुनियादी साक्षरता, संख्यात्मक ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल और सतत शिक्षा की जानकारी दी। विद्यालय परिवार के शिक्षकों व छात्र—छात्राओं ने बढ़—चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, निबंध लेखन, भाषण प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। जिनमें विद्यार्थियों ने साक्षरता का संदेश प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। अंत में छात्रओं ने शपथ ली कि वे न केवल स्वयं शिक्षित होंगी, बल्कि आसपास के समाज को भी साक्षरता के महत्व से जोड़ने में सहयोग करेंगी।

महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति में बनाई गई मानव श्रृंखला

ये रहे मौजूद

आयोजन में संस्था के समस्त छात्र छात्रएं, प्राचार्य मुकेश सैमसन, संकुल समन्वयक दुर्गा शंकर दीवान, वरिष्ठ व्याख्याता जमील खान, व्याख्याता यशवंत देवांगन, रीता प्रधान, सुषमा पात्र, सारिका कश्यप, कु. दुलेश्वरी दर्रो, हेमंत देहारी, संजीव तालुकदार, उमाकांत दीवान, राजू राम मरकाम, तुलेश्वर नाग, चंद्रा रेखा ध्रुव, लता देवांगन, प्रमानन्द वैद्य, भारत देवांगन तथा विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ कार्यक्रम की सफलता में सहभागी बना।

क्राइम : शादी का प्रलोभन देकर पीड़िता का करता रहा शारीरिक शोषण

शादी का झांसा देकर किया दैहिक शोषण शिकायत के 24 घंटे के अंदर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

थाना अनंतपुर क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ आरोपी राजेन्द्र पोयाम ने युवती को शादी का झांसा देकर उसका दैहिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रार्थिया ने पुलिस को बताया कि अप्रैल 2022 से आरोपी राजेन्द्र पोयाम निवासी मालगांव बुडरापारा शादी का वादा कर उसके साथ लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। इतना ही नहीं, जब वह गर्भवती हुई तो आरोपी ने दो बार गर्भपात कराने के लिए दवा खिलाई। थाना अनंतपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 29/2025 धारा 376(2)(ढ), 313 भादवि. के तहत केस दर्ज कर तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन में एसडीओपी रूपेश कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोमल प्रसाद राठौर की टीम ने आरोपी के घर पर दबिश दी और उसे धर दबोचा।

- गर्भवती होने पर जबरन कराया गर्भपात

अदालत में पेश कर भेजा गया जेल

आरोपी राजेन्द्र पोयाम पिता जुगधर पोयाम उम्र 28 वर्ष को 21 सितम्बर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कोंडागांव में पेश किया गया, जहाँ से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक कोमल प्रसाद राठौर, सउनि रामरतन मरकाम, प्र.आर. भूपेन्द्र मरकाम, प्र.आर. छबीलाल कोर्राम, आर.क्र. विनेश कुमार सोरी, आर.क्र. मनराज वट्टी, आर.क्र. चेतन मरकाम, आर. सोपसिंह मरकाम सहित अनंतपुर पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

दहेज हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार, भेजा गया जेल

कोण्डागांव। थाना माकड़ी पुलिस ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मृतिका रूचिता चौहान की मौत ज़हर सेवन से हुई थी। 18 सितंबर को मृतिका के पति राधेश्याम चौहान ने पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल कोंडागांव में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के मायकेवालों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही राधेश्याम दहेज की मांग को लेकर रूचिता को लगातार शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करता था। प्रार्थिया रेणुका नायक निवासी कासोली, थाना गीदम, दंतेवाड़ा की लिखित शिकायत और मर्ग पंचनामा कार्यवाही के बाद, पुलिस ने पाया कि मृतका को दहेज की मांग पर प्रताड़ित किया गया था। इसके आधार पर थाना सिटी कोतवाली कोंडागांव और बाद में थाना माकड़ी में मर्ग क्रमांक 42/2025 और अपराध क्रमांक 36/2025 धारा 80(2) भा.न्या.सं. के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देश, अति पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी सतीश मार्गव के नेतृत्व में थाना माकड़ी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति राधेश्याम चौहान को 20 सितंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इस कार्रवाई में उप पुलिस अधीक्षक सतीश मार्गव, निरीक्षक विकास बघेल, सउनि गिरीश कतलम, प्रआर मोनाराम मण्डावी, दशरथ मरकाम, राकेश जुर्री, आरक्षक धन्नूसिंह पटेल और राजू पानीग्राही की विशेष भूमिका रही।

खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अनियमितता पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डी.के. देवांगन ने आज कोंडागांव के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया और चलित खाद्य प्रयोगशाला से खाद्य पदार्थों की जाँच की। निरीक्षण में कई जगहों पर अनियमितताएँ पाई गईं। मदिरा दुकान के पास एक अहाता (बार) में निरीक्षण के दौरान, कर्मचारी बिना एप्रन और हेड कवर के काम करते मिले, और खाद्य सामग्री ढकी हुई नहीं थी। इस पर संचालक को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही, वहाँ तलने में इस्तेमाल हो रहे तेल और अरारोट पाउडर का नमूना भी जाँच के लिए लिया गया है।

- अहाता और लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर्स को नोटिस जारी
- आदेश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

इसके अलावा, बस स्टैंड स्थित लक्ष्मी प्रोविजन स्टोर्स में भी जाँच हुई, जहाँ दुकान में जरूरत से ज्यादा सामान भरा हुआ था। जाँच में काफी मात्र में एक्सपायर्ड सामान जैसे घी, धनिया पाउडर, चाय, मसाले और चाउमिन मिले, जिन्हें बेचने वाले अन्य सामानों के साथ ही रखा गया था। इस पर विक्रेता को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बस स्टैंड के अंदर फल की दुकानों का भी निरीक्षण किया गया, जहाँ दुकानदार गलत लेबल वाले सामान बेच रहे थे। सभी दुकानदारों को ऐसे सामानों की बिक्री तुरंत बंद करने की चेतावनी दी गई है, और आदेश का पालन न करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

गंगामुंडा में गूंजी परंपरा की स्वर-लहरियां

कोण्डागांव। मुंडाक्षेत्र बुनागाँव अंतर्गत गंगामुंडा में खंड स्तरीय गाँयता जोहारनी कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में 14 पंचायतों के 38 ग्रामों से आए हजारों ग्रामीणों ने पारंपरिक रीति—रिवाजों के साथ भागीदारी की। सगाजनों ने अपने पेन पुरखा, आंगादेव, बुढ़ादेव, जिम्मेदारीन याया के साथ अर्जी लगाई। नवा खाई त्योहार के बाद गाँयताओं को पगड़ी, हल्दी—चावल और चिवड़ा का टीका लगाकर सम्मानित किया गया। सभी उपस्थित सगाजनों को कुड़ई पत्ते में नया चावल से बने चिवड़े का टीका लगाकर सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण कराया गया।

मुख्य वक्ता तिरुमाल ललित नरेटी प्रदेश उपाध्यक्ष, सर्व आदिवासी समाज ने कहा हमारी परंपरा और संस्कृति ही हमारी असली विरासत है। जिसे सहेजना और संरक्षित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बिरसा मुंडा, टंट्या मामा और वीर गुंडाधुर जैसे जननायकों को याद किया। वहीं डॉ. जयमती कश्यप महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त ने आदिवासी महिलाओं के सशक्तिकरण और अधिकारों पर प्रकाश डाला।

संस्कृति और पहचान पर जोर

सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष बंगाराम सोढ़ी ने कहा हमारी परंहमारी असली पहचान है, हमें इसे भावी पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुँचाना होगा।

नृत्य और पारंपरिक धुनों से गूंजा मंच

आयोजन में पारंपरिक मांदरीबाजा, रेला और हुलकी पाटा की धुनों पर सामूहिक नृत्य ने बस्तर की गौरवशाली संस्कृति और परंपराओं को जीवंत कर दिया।

सीआरपीएफ ने कोंडागांव जिला अस्पताल में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ की 188वीं बटालियन ने स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कोंडागांव के जिला अस्पताल और उसके आस—पास के क्षेत्र में एक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान स्वच्छता ही सेवा की थीम पर आधारित था, जिसे एक दिन, एक साथ, एक घंटा के नारे के साथ आयोजित किया गया।

कमांडेंट भवेश चौधरी के निर्देश पर, बटालियन की एक टीम ने 20 सितंबर 2025 को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक यह अभियान चलाया। टीम का नेतृत्व द्वितीय कमान अधिकारी नीतींद्रनाथ ने किया। इस वृहद स्वच्छता अभियान में सीआरपीएफ के जवानों के साथ—साथ जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सक डॉ. प्रेम लाल मंडावी, नगर पालिका के अध्यक्ष नरपति पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिनेश डे और कई अन्य गणमान्य नागरिक शामिल हुए। कमांडेंट चौधरी ने कहा कि यह अभियान सरकार और विभाग के मापदंडों को पूरा करने का एक सार्थक प्रयास है। उन्होंने सभी से अपने दैनिक जीवन में भी अपने आस—पास के लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करते रहने का आग्रह किया।

- सभी विभागों ने साथ मिलकर किया काम

प्रधानमंत्री आवास योजना से गंगाबाई का पक्का घर का सपना हुआ सच

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

फरसगाँव ब्लॉक के जुगानीकलार गाँव की रहने वाली श्रीमती गंगाबाई का सपना तब हकीकत में बदल गया। जब उन्हें पता चला कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उनके नाम से घर स्वीकृत हुआ है। गरीबी के कारण पक्के घर का उनका सपना बार—बार अधूरा रह जाता था, लेकिन इस योजना ने उनकी जिंदगी बदल दी।

गंगाबाई के पास आय का कोई स्थायी साधन नहीं था। वे एक एकड़ जमीन पर खेती करती थीं, जिससे मुश्किल से गुजारा होता था। बरसात में उनका कच्चा घर टपकता था और परिवार को बहुत परेशानी होती थी। लेकिन 2024—25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उनके नाम से आवास स्वीकृत हुआ। उन्हें तीन किस्तों में कुल 1 लाख 20 हजार की राशि मिली। इसके साथ ही, मनरेगा मजदूरी की राशि भी समय पर उनके खाते में आती रही, जिससे वे घर बनाने की सामग्री खरीद सकीं।

- 1 लाख 20 हजार की आर्थिक सहायता से बना घर

सभी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध

कुछ ही महीनों की मेहनत के बाद, उनका पक्का घर बनकर तैयार हो गया। आज गंगाबाई और उनका परिवार न केवल एक मजबूत छत के नीचे रह रहा है, बल्कि उनके घर में गैस कनेक्शन, बिजली, नल—जल योजना और शौचालय जैसी सभी मूलभूत सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। गंगाबाई ने इस मदद के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

5 मिनट में 1 एकड़ धान फसल पर कीटनाशक छिड़काव, किसानों में दिखा उत्साह

केशकाल। खेती-किसानी में तकनीकी नवाचार के तहत अब पारंपरिक तरीकों की जगह आधुनिक कृषि यंत्रों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसी कड़ी में केशकाल विकासखंड अंतर्गत ग्राम अड़ेगा और निराछिंदली में कृषि ड्रोन का सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया गया, जिसने स्थानीय किसानों को आधुनिक कृषि पद्धति से रूबरू कराया। ड्रोन के माध्यम से धान की फसल पर कीटनाशक का छिड़काव कर इसका जीवंत प्रदर्शन किया गया। महज 5 मिनट में 1 एकड़ खेत में दवा का छिड़काव पूर्ण कर लिया गया, जिससे किसानों में काफी उत्साह देखा गया। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी एच.एल. पदमाकर, एम.आर. नेताम, एवं एरीज कंपनी के प्रतिनिधि अविनाश शुक्ला, विवेक यादव, अजय यादव, सहित इमरान विरानी और मोईन विरानी भी उपस्थित रहे।

कृषि ड्रोनः एक क्रांतिकारी कदम

ड्रोन तकनीक से जहां किसानों को फसलों की निगरानी और सटीक प्रबंधन में मदद मिलती है, वहीं इससे कीटनाशक, फफूंदनाशक और उर्वरकों का सटीक और कम समय में छिड़काव संभव होता है। इस तकनीक से न केवल संसाधनों की बचत होती है, बल्कि उत्पादन लागत में कमी और उत्पादन में वृद्धि भी सुनिश्चित होती है। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों और किसानों ने इसे खेती के भविष्य के लिए एक गेम-चेंजर तकनीक बताया और ऐसे आयोजनों की सराहना की, जिससे स्थानीय किसान नई तकनीकों से जुड़ सकें!

कोंडागांव डीएफओ कार्यालय का किया घेराव

वन अधिकार पट्टे के लिए बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा और जोगी कांग्रेस सड़क पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

ग्राम मोहलई के ग्रामीणों को अब तक वन अधिकार पट्टा और गूगल नक्शा न मिलने से नाराज़ ग्रामीणों ने मंगलवार को कोंडागांव डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। इस आंदोलन का नेतृत्व बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने किया। मोर्चा के संयोजक नवनीत चांद ने कहा कि वर्ष 2021 से लगातार आवेदन और गुहार के बावजूद आज तक केवल कागजी कार्यवाही ही हुई है, लेकिन कोई ठोस फैसला सामने नहीं आया। उन्होंने कहा कि अगर न्याय नहीं मिला तो ग्रामीणों के साथ मिलकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। मामला ग्राम मोहलई और माकड़ी के बीच के बीट से जुड़ा है, जहाँ ग्रामीण वर्ष 1996—97 से खेती करते आ रहे हैं। आरोप है कि माकड़ी वन समिति कब्ज़ा रोक रही है। नवनीत चांद ने मांग की कि जिला समिति गठित कर जाँच और दस्तावेज़ों के आधार पर उचित पक्ष को पट्टा दिया जाए।

प्रशासन पर सवाल

मोर्चा ने कहा कि ग्रामीणों की समस्या को अधिकारी फुटबॉल की तरह इधर—उधर धकेलते रहे हैं। बार—बार गुहार के बावजूद न वन विभाग, न कलेक्टर और न कमिश्नर स्तर पर न्याय मिला। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो उग्र आंदोलन होगा।

पदाधिकारी रहे शामिल

इस मौके पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे, जिनमें प्रमुख रूप से नवनीत चांद संभागीय अध्यक्ष जकांछ, शंकर नेताम जिला अध्यक्ष, विनोद शोरी युवा मोर्चा संभागीय अध्यक्ष, उदय मंडारी जिला महामंत्री, चामसिंह कश्यप जिला संगठन मंत्री, प्रिया यादव, सुरेश नाग, निहारिका सिंह, अलका नदान सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। ग्राम मोहलई से शामु राम, भंडारी सोड़ी, दिनेश बघेल, मनीराम यादव, सुकालू राम बघेल, निर्मल पोयम, फरसु सोढ़ी व अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

युकां और एनएसयूआई ने फूंका गृहमंत्री का पुतला

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के आह्वान पर रविवार को कोंडागांव जिला मुख्यालय के बस स्टैंड में गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष संजय मरकाम ने कहा कि खेल विभाग में हो रहे करोड़ों के घोटाले को उजागर करने पहुँचे प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला पर भाजपा सरकार ने पुलिस के जरिए झूठी एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तारी की। इसके विरोध में यह पुतला दहन किया गया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पप्पू मंडावी ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार फर्जी संस्थानों को संरक्षण दे रही है। नकली डिग्री घोटाले का पर्दाफाश करने पर रायपुर एनएसयूआई जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी पर झूठा मामला दर्ज किया गया। प्रदर्शन में प्रमुख रूप से संजय मरकाम, पप्पू मंडावी, प्रियांश चौहान, कल्पेश दीवान, नरेन्द्र देवांगन, बाबा खान, प्रवीण मरकाम, दिनेश नेताम, देवलाल नेताम, राकेश मंडावी, आदित्य राय, लकी, ऋषभ गोस्वामी, तौसीफ समेत बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पेज 9 के शेष...

गरबा में फूहड़ता...

कार्यक्रम शालीनता व गरिमामय वातावरण में सम्पन्न करने के लिए सहमति प्रदान किया गया।

ये रहे उपस्थित-बैठक में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री रवि ब्रह्मचारी, जिला अध्यक्ष शंकर गुप्ता, योगेंद्र कौशिक, मुन्ना कोरी, अनिल अग्रवाल, विवेक शुक्ला, अंजनी कुमार शुक्ल, होमेश राठौड़, अजय सिंह, सक्षम संस्था से कुणाल अन्य सम्मलित थे। साथ ही गरबा आयोजकों में से लागू वाटिका, चंपा गार्डन, चौपाटी लॉन, गुप्ता फार्म के आयोजकों व रोटरी क्लब के आयोजक हम अकादमी के प्रिंसिपल आदि उपस्थित रहे।

युवा कांग्रेस, एनएसयूआई...

आईं और घबराहट में चप्पल तक छोड़कर भागना इस बात का प्रमाण है कि विभाग में अनियमितताएँ गहरी हैं। भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करने के बजाय भाजपा सरकार पुलिस प्रशासन का दुरुपयोग कर रही है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने आए कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया, उन पर झूठे मुकदमे थोपे गए और विपक्षी आवाज को दबाने की कोशिश की गई। बस्तर जिला युवा कांग्रेस (शहर) जिलाध्यक्ष अजय बिसाई ने कहा, भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की जड़ें इतनी गहरी हो चुकी हैं कि ट्रैक सूट खरीदी से लेकर सफाई टेंडर तक हर जगह कमीशन का खेल हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता किसी धमकी से डरने वाले नहीं है। बस्तर जिला एनएसयूआई शहर जिलाध्यक्ष विशाल खम्बारी ने कहा, सच बोलने वालों पर एफआईआर और मुकदमे दर्ज करना गलत है। अगर सरकार ईमानदार है तो निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराती। युवा कांग्रेस नेता आदित्य सिंह बिसेन ने कहा कि ट्रैक सूट खरीदी हो या सफाई टेंडर,हर जगह कमीशनखोरी का खेल चल रहा है। सच उजागर करने वाले भावेश शुक्ला और प्रशांत गोस्वामी पर झूठी एफआईआर सरकार के राजनीतिक प्रतिशोध का सबूत है। भाजपा नेताओं के इशारे पर भ्रष्टाचार की फाइलें लिखी जाती हैं और अधिकारियों से फैसले करवाए जाते हैं। हम हर घोटाले को जनता के सामने लाएंगे। युवा कांग्रेस व एनएसयूआई सड़कों से लेकर विधानसभा तक इस लड़ाई को लड़ेगी।

नवोदय विद्यालय में बच्चों को पढ़ाई गई साइबर सुरक्षा की पाठशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सतर्क और सुरक्षित रखने के लिए सुकमा पुलिस लगातार

- साइबर फ्रॉड से सतर्क और सुरक्षित रहने की पुलिस प्रशासन ने दी सलाह

विशेष पहल कर रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा में सायबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम

पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के निदेर्शानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रोहित शाह के मार्गदर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक मोनिका श्याम के पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ।

अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी देना था। प्रशिक्षण सत्र में उपस्थित छात्रों और स्टाफ को बताया गया कि आज साइबर ठग सोशल मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी और अपराध कर रहे हैं। साइबर बुलिंग, साइबर स्टाकिंग, साइबर ग्रूमिंग, चाइल्ड पॉर्नोग्राफी, डिजिटल अरेस्ट, सेक्सटॉर्शन जैसे अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। हाल ही में प्रचलित फर्जी शेयर मार्केट फ्रॉड, ट्रेडिंग एप्स और नकली कानूनी एजेंसी के नाम से ठगी जैसे तरीकों से भी लोगों को लूटा जा रहा है।

कार्यक्रम में छात्रों को सावधान रहने की सीख दी गई कि वे किसी भी प्रकार के लालच या अजनबियों से सोशल मीडिया पर संपर्क करने से बचें अपने सोशल मीडिया अकाउंट को सुरक्षित तरीके से उपयोग करें और किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल या हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज करें।

कार्यक्रम का संचालन सायबर सेल नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक मोनिका श्याम, निरीक्षक प्रभारी अजाक थाना पदमा जगत तथा साइबर सेल के स्टाफ ने किया। इस अवसर पर जवाहर नवोदय विद्यालय सुकमा के प्राचार्य बलराम जाटव सहित सभी शिक्षकगण और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

एचआईवी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

जगदलपुर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जगदलपुर के तत्वावधान में एचआईवी एक्ट 2017 अंतर्गत एचआईवी,एड्स विषय पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन महारानी अस्पताल जगदलपुर के सभा कक्ष में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय पांडे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेमसिंह देवांगन ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में पंच, सरपंच, सचिव, चिकित्सा कर्मी, दीदियां एवं स्वास्थ्य सेवकगण उपस्थित रहे। महापौर ने अपने संबोधन में कहा कि सेवा ही हमारा प्रथम धर्म है। हमें समाज में स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए। एचआईवी,एड्स से संबंधित किसी भी प्रकार के भ्रम या भ्रांति से दूर रहना आवश्यक है, क्योंकि जानकारी ही बचाव है।

भाभा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में दीक्षांत समारोह

जगदलपुर। भाभा औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में 19 वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। महापौर संजय पांडे ने संबोधित करते हुए कहा कि कौशल ही आज की सबसे बड़ी शक्ति है। हमें शिक्षा और प्रशिक्षण का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनना होगा। यदि हम मेहनत और लगन से कार्य करेंगे तो न केवल हमें अच्छे रोजगार मिलेंगे, बल्कि हम उद्यमिता के माध्यम से दूसरों को भी रोजगार उपलब्ध करा सकेंगे। उन्होंने दीक्षांत प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की उज्जवल भविष्य की कामना की।

पूर्वजों की परंपरा व गौरवशाली इतिहास को बचाना हमारी जिम्मेदारी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा/भोण्ड

बस्तर धाकड़ समाज कल्याण समिति के जिला स्तरीय तत्वावधान में ग्राम पंचायत छिंदगांव में नुवाखानी मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। समाज के पदाधिकारियों एवं प्रमुखजनों ने उनका आत्मीय स्वागत किया और समारोह में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया।

नुवाखानी मिलन समारोह पूर्वजों से चली आ रही परंपरा है, जो समाज को संस्कृति, एकता और सहयोग से जोड़ता है धाकड़ समाज द्वारा जिला स्तरीय स्तर पर इस तरह का आयोजन करना समाज की जागरूकता और संस्कृति संरक्षण का प्रतीक माना जा रहा है। विधायक ने कहा कि धाकड़ समाज शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है। पूर्वजों की परंपरा और गौरवशाली इतिहास को बचाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन समाज में नई ऊर्जा और एकजुटता का संदेश देते हैं। समाज के लोगों की मांग के अनुरूप विधायक ने कार्यक्रम में ही विधायक निधि से 20 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने

भूमि अधिकृत स्थल पर विधिवत भूमिपूजन भी किया। इस घोषणा पर समाजजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया। इस दौरान मौजूद रहे जिला संरक्षक सोनाधर सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह ठाकुर, संरक्षक पीलू सिंह ठाकुर, अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष पूरन सिंह ठाकुर, शशिंद्र सिंह ठाकुर, बद्रीनाथ ठाकुर, तुलाराम ठाकुर, जिला सचिव राजू ठाकुर, सचिव कृष्ण ठाकुर, तुलसीराम ठाकुर, सागर, मनोज ठाकुर, राजेश कुमार, सरद कश्यप, एवं समस्त माता बहनें, समाज प्रमुखगण, पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

धार्मिक फिल्म मां हिंगलाज का पोस्टर विमोचन

घाटलोहंगा। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में धार्मिक आस्था और एक्शन से भरपूर हिंदी फिल्म मां हिंगलाज का पोस्टर विमोचन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि धार्मिक फिल्मों के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह फिल्म बस्तर की जनता को देवी मां हिंगलाज की शक्ति और आस्था से जोड़ने का काम करेगी। फिल्म 25 सितम्बर को जगदलपुर के अनुपमा टॉकीज में एक दिन के लिए प्रदर्शित की जाएगी। इस मौके पर फिल्म से जुड़े कलाकार, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

बाढ़ से नष्ट हुए अंकसूची को पुनः बनवाकर देने की व्यवस्था

लोहंडीगुड़ा। लोहंडीगुड़ा के ग्राम मांदर में पिछले दिनों आई बाढ़ से प्रभावित छात्र-छात्राओं के अंक सूची जल भराव उपरांत नष्ट हो गया है। ऐसे छात्र-छात्राओं का सम्पर्क तथा सर्वे किया गया। कक्षा पहली से लेकर महाविद्यालय स्तर के छात्र- छात्राएं प्रभावित हुए हैं। उन सभी को नया अंकसूची बनवाकर देने की व्यवस्था की है। कार्यक्रम अधिकारी शाउमावि लोहंडीगुडा के कार्यक्रम हेमराव खापडे तथा साउमावि कोठियांगुड़ा के कार्यक्रम मसुराम मंडावी व स्वयं सेवक देवेंद्र पटेल, गंगाराम सेठिया, देवेंद्र सेठिया, केमेंद मोर्य, सुदन मोर्य, खगेश्वर पटेल के संयुक्त प्रयास से साहुकार पारा मांदर में पहुंच कर अनेकों छात्र छात्राओं व पालकों से सम्पर्ककर मदद की गई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के कार्यक्रम समन्वयक संजीवन कुमार के निदेर्शानुसार किया जा रहा।

डॉ. रेड्डी को सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

डॉ. बी. तिरुपम रेड्डी वैज्ञानिक-सी को भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय की संयुक्त सचिव, मिस पद्मिनी सिंघला द्वारा केंद्रीय रेशम बोर्ड के 76वें स्थापना दिवस समारोह में सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

इस उपलब्धि ने बीटीएसएसओ के तहत बीज उत्पादन केंद्र को सर्वश्रेष्ठ बना दिया है, जो अपने साथियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय बीएसएमटीसी बस्तर, छत्तीसगढ़ के कर्मचारियों और श्रमिकों के अथक प्रयासों और सहयोग को दिया। साथ ही निदेशक, बीटीएसएसओ और छत्तीसगढ़ के रेशम विकास विभाग के समर्थन को भी दियाय। पुरस्कार प्राप्त करने पर अपनी प्रसन्नता और आभार व्यक्त करते हुए डॉ. रेड्डी ने बीएसएमटीसी बस्तर टीम के समर्पण और कड़ी मेहनत की सराहना की, और स्वीकार किया कि उनकी सामूहिक प्रयासों ने ही इस उपलब्धि को संभव बनाया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), लोहण्डीगुड़ा, जिला बस्तर

रा.प्र.क्र.- 02/अ-2/2024-2025

निशा गुप्ता पति राजकुमार गुप्ता उम्र 46 वर्ष जाति भंजवा (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम उसरीबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर .....आवेदक

विरूद्ध

छ.ग. शासन.....अनावेदक

/ ईश्तहार/

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निशा गुप्ता पति राजकुमार गुप्ता उम्र 46 वर्ष जाति भंजवा (गैर आदिवासी) निवासी ग्राम उसरीबेड़ा तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्व में ग्राम चित्रकोट 12 रा.नि.मं. चित्रकोट तहसील लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर छ.ग. में स्थित खसरा नं. 1688/2 रकबा 0.060 हे. की भूमि राजस्व अभिलेख को भूमिस्वामी के रूप में दर्ज है। आवेदक द्वारा खसरा क्रमांक 1688/2 रकबा 0.060 हे. में से रकबा 0.060 हे. को आवासीय हेतु कृषि भिन्न प्रयोजन से परिवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा, खसरा, साईट प्लान ब्लू प्रिंट, शपथ पत्र, तलवाना फार्म, रजिस्ट्री पेपर आवेदन पत्र सहित न्यायालय में धारा 172 छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः यदि कोई व्यक्ति/अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा, विधिवत प्रारूप तथा आवश्यक दस्तावेज के साथ कार्यालयीन समय में अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व लोहण्डीगुड़ा के कार्यालय में दिनांक-29/09/2025 शाम 5:00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर के साथ उद्घोषणा जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोहण्डीगुड़ा जिला बस्तर

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

जगत जननी माँ के पावन पर्व
शारदीय नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
बंसल नर्सिंग होम
एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
अब माँ बनने में देर नहीं
निःशुल्क परामर्श
मो. 9425258201
निःसंतान दंपत्तियों के लिए
बस्तर संभाग का सबसे विश्वसनीय संस्था
उपलब्ध सुविधाएं
• IUI • IVF • ICSI
• लेप्रोस्कोपी • हिस्ट्रोस्कोपी • ब्लॉस्टोसिस्ट
• फर्टिलिटी जांच • डोनर सर्विसेज
• नार्मल एवं सिजेरियन डिलीवरी
परामर्श हेतु कौन दम्पत्ति संपर्क कर सकते है?
बंद ट्यूब (Falloplan Tubes), पुरूषों के वीर्य में शुक्राणुओं की मात्रा कम अथवा निल होना, शुक्राणु की गतिशीलता, गुणवत्ता में कमी एवं आकार में खराबी, अण्डों का न बनना अथवा समय पर न फूटना (PCOD), चॉकलेट सिस्ट (Emdometriosis),ओवरी सिस्ट (Ovarian Cyst), बच्चेदानी में गांठ (Fibroid), बच्चेदानी में दीवार (Septum), माहवारी बंद होना माहवारी का अनियमित होना, महिला नसबंदी, पुरूष नसबंदी, बार-बार गर्भपात होना (Miscarriage Clinic), पहले IVF का असफल होना , दो-तीन IUI असफल होना, सभी जाँच रिपोर्ट सामान्य होने पर भी संतान का न होना
डॉ. श्रीमती एस. बंसल
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
वरिष्ठ प्रसुति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ,
लैप्रोस्कोपिक सर्जन
☑ डॉ. ममता बंसल
☑ डॉ. अल्पना बंसल
☑ डॉ. प्रियंका बंसल
निःसंतानता को संकोच नहीं,सही जांच की है जरूरत
बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर)
फोन- 07782-224020, 9340001521

बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं
शारदीय नवरात्रि
की हार्दिक शुभकामनाएं
एडवांस आई केयर सेन्टर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय
लेजर एवं फेको
नेत्र चिकित्सालय
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग.
फोन- 223589, 9425590111
सुविधाएं
फेको सर्जरी
मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि.मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुंरत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)
ग्रीन लेजर
डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)
फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी
डायबिटिक रेटिनोपेथी, मेक्यूलोपेथी व उम्र के कारण परदे की बिनारी की फोटोग्राफी की सुविधा
यॉग लेजर
कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली का विशेष इलाज
नेत्र परीक्षण
जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा
कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण
मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण
साइनेप्टोफोर
तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज
सोनोग्राफी
बी. स्केन. कलर डापलर
कॉन्टेक्ट लैंस
सॉफ्ट एव रंगीन लैंस
डॉ. मनीष बंसल
M.S (Ophthalmology)
नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन
रजि. नं.- CGMC 9715/2020
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं महारानी हॉस्पिटल
• अत्याधुनिक जापनी कम्प्यूटर NIDEK (आटोरिफ्रेक्टर) द्वारा आंखों की जांच एवं चश्में की जांच
• मोतियाबिंद का फेको पद्धति एवं फेको मशीन से बिना टाँका ऑपरेशन द्वारा लैंस प्रत्यारोपण (IOL)
• रैटिना (पर्द) की पूरी जांच एवं इलाज (90-D Slit Lamp Biomicros-copy. Indirect Ophtholmoscopy)
• Synaptophore द्वारा आँखों के मैगेपन (Squint) की जाँच एवं आँखो के विशेष व्यायाम
• Non Contact Tonometer द्वारा आँखों के दबाव की अत्याधुनिक जाँच (INTRAOCULAR PRESSURE)
• कालापानी (ग्लूकोमा) कीक जाँच, इलाज एवं ऑपरेशन
• कम्प्यूटराईज्ड ऑटोमेटिक पैरीमीटरी द्वारा आँखों की नस एवं दायरे (विजुअल फील्ड) की विस्तृत जाँच
• B-Scan (कलर डाप्लर) A-Scan, केरोमीटर (Kerotometer) एवं कांटेक्ट लैस सुविधा
बंसल नर्सिंग होम थ्री-डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर, बालाजी वार्ड, जगदलपुर, फोन- 07782-224020/ 231882

खबर संक्षेप

पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

जगदलपुर। वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र बाजपेयी के निधन के उपरांत रविवार को नयापारा स्थित बस्तर जिला पत्रकार संघ भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। स्व. बाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि बस्तर की पत्रकारिता में स्व.राजेंद्र बाजपेयी का योगदान अविस्मरणीय है। संघ इस दुख की घड़ी में बाजपेयी परिवार के साथ खड़ा है। सचिव धर्मेंद्र महापात्र ने अपने विचार साझा किया। इस दौरान संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिव प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुब्बा राव, वरिष्ठ पत्रकार संजीव पचौरी, हेमंत कश्यप, गुप्तेश्वर सोनी, अनिल सामंत, सुनील मिश्रा ने भी बाजपेई के निधन को पत्रकार जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। इस दौरान पत्रकार संघ के कनिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन दास, सह सचिव बादशाह खान समेत डॉ सतीश जैन, अजय श्रीवास्तव, संतोष वर्मा, कमलेश बघेल, महेंद्र सेठिया, आकाश मिश्रा, रानू तिवारी, रविन्द्र दास, सुनील साहू, प्रकाश रावल, संतोष ठाकुर, धीरज मेहरा, तरुण पाढ़ी, महेश राव, सुलोचना फुंडरे, सुमित बाजपेई अन्य पत्रकार सम्मलित थे।

महापौर ने किया स्थल का निरीक्षण, कलेक्टर से की चर्चा

लालबाग मैदान में लगेगा स्वदेशी मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

देश में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण फाउंडेशन की इकाई भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा बस्तर में पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर स्वदेशी मेला स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत का आयोजन

- निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच करेगा प्रदान

किया जा रहा है। यह मेला 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक लालबाग मैदान जगदलपुर में आयोजित होगा।

महापौर संजय पाण्डे के नेतृत्व में स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने बस्तर कलेक्टर हरिस एस एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन से भेंट कर मेले के आयोजन संबंधी विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर सुब्रत चाकी, इंजीनियर देवेंद्र देवांगन, डॉ. राम राकेश जांगिड़, जयेश पंचाल एवं भावेश सिंह भी उपस्थित रहे।

स्वदेशी मेला भारतीय उद्योग, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करेगा। मेले में देशभर से लगभग 300 स्टॉल लगेंगे जिनमें स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। साथ ही कार्यशालाएं एवं सेमिनार भी आयोजित होंगे।

मेले की तैयारी का जायजा लेने महापौर लालबाग मैदान पहुंचे। आयोजन समिति के जयेश पंचाल ने जानकारी दी कि मेला परिसर में चार डोम, आकर्षक झूले तथा विभिन्न राज्यों के खाद्य व्यंजनों से युक्त फूड जोन की व्यवस्था होगी। मुख्य मंच पर रोजाना सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें देश के ख्याति प्राप्त कलाकार प्रस्तुति देंगे। बस्तर की लोक कला और नृत्य शैली भी विशेष आकर्षण रहेगा। मनोज तिवारी की सांस्कृतिक प्रस्तुति मेले का मुख्य आकर्षण होगी।

इसके अतिरिक्त, स्वदेशी महिला समितियों द्वारा प्रतिदिन मेहंदी, रंगोली, व्यंजन, वेशभूषा, खेलकूद, समूह नृत्य एवं गायन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। पंचाल ने बताया कि स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत मेले में पारंगत वक्ताओं का मार्गदर्शन भी मिलेगा।

आत्मीय स्वागत...

जगदलपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का रविवार को मां दंतेश्वरी हवाई अड्डे पर आत्मीय स्वागत किया गया। उनके साथ उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद महेश कश्यप पहुंचे। हवाई अड्डे पर वन मंत्री केदार कश्यप, विधायक व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव, चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर संजय पांडेय, पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, पूर्व विधायक संतोष बाफना, महेश गागरा, वेदप्रकाश पांडे, डॉ सुभाऊ कश्यप, लच्छू कश्यप, बैदूराम कश्याप सहित कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुन्दराज पी, कलेक्टर हरीश एस, एसपी शलभ सिन्हा समेत बड़ी संख्या में भाजपाई सम्मलित थे।

एनएसएस विद्यार्थियों ने किया श्रमदान

जगदलपुर। रविवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षा भवन परिसर,कालीपुर की साफ-सफाई एवं श्रमदान किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता ही सेवा के भाव को जागरूक करना था। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ राजेश कुमार लालवानी, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार, सहायक कुलसचिव डीसी गावड़े,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. भुनेश्वर लाल साहू, सहायक प्राध्यापक डॉ नीरज वर्मा,डॉ दुर्गेश दिक्सेना,डॉ राजेश्वर प्रसाद,डॉ कृष्ण कुमार,डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, डॉ. संजय पांडे एवं देवेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

सभी अधिकारियों एवं प्राध्यापकों ने स्वयं श्रमदान करते हुए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

उपभोक्ता जागरूकता शिविर में आयोग अध्यक्ष ने बताया ई-हियरिंग व ई-फाइलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार शुक्रवार को जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्राम आसना में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य आलोक कुमार दुबे ने उपभोक्ता जागरूकता शिविर आयोजित करने के उद्देश्य की संपूर्ण जानकारी ग्रामीणों को प्रदान की। इस अवसर पर जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल ने ई-हियरिंग के संबंध में छत्तीसगढ़ प्रदेश को देश का पहला राज्य बनने पर राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गौतम चौरड़िया के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए उपभोक्ता कानून की जानकारी उपस्थित लोगों को प्रदान कर ई-हियरिंग एवं ई-फाइलिंग के संबंध में विस्तार से बताते हुए कहा।

उन्होंने कहा कि अब आमजन को उपभोक्ता कानून का लाभ प्राप्त करने के लिए जिला आयोग की दूरी तय नहीं करना पड़ेगी और आप घर बैठे ही ई-जागृति पोर्टल द्वारा अपने मोबाइल के माध्यम से अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज उत्पाद और सेवाओं से जुड़ा प्रत्येक मुद्दा जिसमें उपभोक्ता को किसी परेशानी का सामना करना पड़ता है वह उपभोक्ता कानून के अंतर्गत आता है। ऐसी स्थिति में आम उपभोक्ता बीमा, फसल बीमा, बैंकिंग सुविधा, कोचिंग संस्थान एवं निर्माण कार्य एजेंसियों के विरुद्ध आयोग के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं कार्यक्रम में उपस्थित थाना प्रभारी भोला सिंह ने उपभोक्ता कानून पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर सदस्य सीमा गोलछा ने भी उपभोक्ता कानून और ई फायलिंग के संबंध में उपस्थित जनों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। संपन्न कार्यक्रम में ग्राम सरपंच प्रेमवती बघेल, सचिन, रतन सिंह बघेल, पूर्व सरपंच महेंद्रनाथ जोशी, पंच देवशंकर पांडा, उप सरपंच राधिका देहारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन जिला उपभोक्ता आयोग के कर्मचारी अभिषेक तिवारी, सुधीर गुप्ता, संतोष देवांगन एवं नरपत नाग सहित मीडिया प्रतिनिधि शामिल रहे।